1239
9.1.18

शाला दर्पण
(32)
2/1/2018

कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर

क्रमांकः– शिविरा–मा/शालादर्पण/60306(2)/2017–18/54 दिनांक :– 2.1.2018

अति–आवश्यक

1. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी,
   माध्यमिक शिक्षा,
2. समस्त संस्था प्रधान
   माध्यमिक शिक्षा

विषयः– शालादर्पण पोर्टल संबंधी कार्य पूर्ण तथा अद्यतन करने का प्रमाण–पत्र भिजवाने बाबत।

उपर्युक्त विषय में लेख है कि शालादर्पण पोर्टल माध्यमिक शिक्षा के समस्त विद्यालयों की विभिन्न सूचनाओं का प्रमुख स्रोत है, जिनका उपयोग वृहद् स्तर पर किया जाता है। शालादर्पण पर मौजूद सूचनाओं की परिशुद्धता हेतु आवश्यक है कि उन्हे निरन्तर अद्यतन किया जावे। इस हेतु निदेशालय सहित विभिन्न कार्यालयों द्वारा लगातार निर्देश जारी किए जाते हैं। शालादर्पण पोर्टल पर मौजूद सूचनाओं के सत्यापन हेतु अन्तर विद्यालय डाटा सत्यापन भी किया जाता है। लेकिन बहुत सारे संस्था प्रधानों द्वारा शालादर्पण पोर्टल पर सूचनाएं अद्यतन करने में उदासीनता दिखाई जाती है, जिसके कारण विभाग के सामने कई बार अप्रिय स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

सभी संस्था प्रधानों को निर्देशित किया जाता है कि शालादर्पण पोर्टल पर उपलब्ध विभिन्न मॉड्यूल्स की पूर्ति सही–सही तथा पूर्ण रूप से कर संलग्न प्रारूप में कार्य पूर्ण होने का प्रमाण–पत्र अपने जिले के जिला शिक्षा अधिकारी को दिनांक **10.01.2018** तक आवश्यक रूप से प्रस्तुत करें।

सभी जिला शिक्षा अधिकारी अपने अधीनस्थ संस्था प्रधानों से कार्य पूर्णता प्रमाण–पत्र प्राप्त कर इस कार्यालय को अपने जिले के शालादर्पण संबंधी कार्यपूर्ण होने का प्रमाण–पत्र संलग्न प्रारूप में दिनांक **15.01.2018** तक आवश्यक रूप से प्रस्तुत करेंगें।

ई मेल – ad.shaladarpan.dse@rajasthan.gov.in

संलग्न :– उपरोक्तानुसार प्रमाण–पत्रों का प्रारूप।

(नथमल डिडेल)
आईएएस
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान,
बीकानेर

प्रतिलिपि :– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. निजी सचिव, प्रमुख शासन सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, जयपुर।
2. निजी सचिव, राज्य परियोजना निदेशक, रामाशिप जयपुर।
3. प्रभारी, शालादर्पण प्रकोष्ठ जयपुर।
4. संबधित उपनिदेशक माध्यमिक शिक्षा मण्डल को भेजकर लेख है कि अपने अधीनस्थ जिलों से प्रमाण–पत्र प्राप्त कर दिनांक **15.01.2018** तक भिजवाना सुनिश्चित करें।
5. स्टाफ ऑफिसर कार्यालय हाजा।
6. कम्प्यूटर अनुभाग कार्यालय हाजा को वेबसाईट पर अपलोड बाबत्।

www.rajteachers.com

उपनिदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा,
राजस्थान, बीकानेर

E:\GOVIND GEN.LETTER

क्रमांक – जिशिअ/मा/शाद/शालादर्पण/17/15 दिनांक – 3/01/2018
मूल ही समस्त संस्था प्रधानों को भिजवाकर आदेशित किया जाता है निदेशक महोदय के निर्देशानुसार पालना सुनिश्चित करें।

संस्था प्रधान द्वारा दिया जाने वाला प्रमाण–पत्र

विद्यालय का नाम:–...

क्रमाक:–

दिनांक:–

शालादर्पण कार्य पूर्णता प्रमाण–पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि शालादर्पण पोर्टल पर विद्यार्थियों, कार्मिकों तथा विद्यालय के संबंध में समस्त मॉड्यूल्स में सभी सूचनाओं को पूर्णतः सही–सही फीड कर अद्यतन कर दिया गया है तथा आज दिनांक को कोई भी कार्य अपूर्ण नहीं है। यदि कोई कार्य अपूर्ण पाया जाता है तो संस्था प्रधान के रूप में सम्पूर्ण जिम्मेदारी मेरी है।

हस्ताक्षर
संस्था प्रधान
मय सील

जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा दिया जाने वाला प्रमाण

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक.................................

क्रमाक:–

दिनांक:–

शालादर्पण कार्य पूर्णता प्रमाण–पत्र

प्रमाणित किया जाता है कि मेरे अधीनस्थ समस्त विद्यालयों के संस्था प्रधानों से शालादर्पण पोर्टल पर विद्यार्थियों,कार्मिकों तथा विद्यालय के संबंध में समस्त मॉड्यूल्स में सभी सूचनाओं को पूर्णतः सही–सही फीड कर अद्यतन करने का प्रमाण पत्र मैने प्राप्त कर लिया है तथा तदनुसार किसी भी विद्यालय का कार्य अपूर्ण नहीं है।

हस्ताक्षर
जिला शिक्षा अधिकारी
मय सील

www.rajteachers.com